आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 5 सितम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में 'जल सेवा आकलन' की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- सरकार ने कल 'उद्यमिता पर राष्ट्रीय अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।
- पर्यटन विभाग की ओर से द्वीपसमूह को एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य बनाने के लिए व्यापक फिल्म नीति अधिसूचित की जा रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 5 सितम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 48 स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन शिक्षकों का चयन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के जरिए किया गया है। पुरस्कार के लिए चुने गए 48 शिक्षक 27 राज्यों, 7 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के 6 संगठनों से हैं। इनमें 26 पुरुष और 22 महिला शिक्षक शामिल हैं। पुरस्कार समारोह का दूरदर्शन और शिक्षा मंत्रालय के स्वयं प्रभा चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में नवगठित जिला तकनीकी इकाई की एक समीक्षा बैठक आयोजित कर 'जल सेवा आकलन' की प्रगति का जायजा लिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 89 गांवों में से 67 गांवों के लिए ई–ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से ग्राम स्तरीय जल आकलन फॉर्म जमा करके जल सेवा आकलन पूरा कर लिया गया है।

जिला उपायुक्त ने DTU के सदस्यों और जिले के सभी तहसीलदारों को बचे हुए गांवों का सत्यापन कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय, की ओर से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' –RAMP योजना के अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र के लिए परिवहन और लॉजिस्टिक्स पर सब्सिडी के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य मत्स्य आधारित एमएसएसई के लिए मछली, मत्स्य उत्पाद, मत्स्य बीज और फ़ीड के परिवहन पर वित्तीय सहायता प्रदान कर परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र दक्षिण अंडमान के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय से सभी कार्य दिवसों में प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, इन्हें मत्स्य विभाग और प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों के साथ 21 सितम्बर तक संबंधित जिले के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय में जमा करना होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोह के हिस्से के रूप में, उप शिक्षा कार्यालय विम्बर्लीगंज की ओर से स्कूली छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अंडर–17 वर्ग के लड़कों के लिए अंतर–स्कूली हॉकी टूर्नामेंट 24 अगस्त से शुरू होगा। रोड रेस 29 अगस्त को सुबह 6 बजे से

मिनी स्टेडियम, विम्बर्लीगंज से आरंभ होगा। इसमें केवल विम्बर्लीगंज शैक्षणिक अंचल के स्कूली छात्र भाग ले सकेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से आयुष अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा स्तर के कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण और समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धराजू ने प्रभावी एचआईवी परामर्श प्रदान करने में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए द्वीपों में एचआईवी प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के लिए इसके महत्व पर बल दिया। इस दौरान अन्य स्रोत अधिकारियों ने भी इस विषय पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

सरकार ने कल दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 'उद्यमिता पर राष्ट्रीय अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया है। यह अभियान 21 नवंबर तक चलेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इस अभियान से ग्रामीण महिलाओं की उद्यमिता को मजबूती और छह करोड़ लखपति दीदियां बनाने के लक्ष्य में योगदान मिलेगा। अभियान के विस्तारित चरण में कृषि और गैर–कृषि आजीविका के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने, सामुदायिक उद्यम प्रोत्साहन कैडर को मजबूत करने, डिजिटल और ई–कॉमर्स को बढ़ावा देने और उत्पादक समूहों और उत्पादक उद्यमों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस अभियान ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से द्वीपसमूह को फिल्म निर्माण के लिए एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापक फिल्म नीति अधिसूचित की जा रही है। इस नीति के तहत शूटिंग के लिए आने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को सहायता प्रदान करने हेतु पर्यटन विभाग ने होटल मालिकों, रिसॉर्ट्स, टूर एंड ट्रैवल एजेंटों और परिवहन सेवा प्रदाताओं से सूचीबद्धता के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सूचिबद्ध सेवा प्रदाताओं को आवास या होटल सुविधाएं, स्विमिंग पूल, समुद्र तट, लॉबी और गार्डन जैसे सामान्य क्षेत्रों में मुफ्त पहुंच, सम्मेलन और बैंक्वेट हॉल का निःशुल्क उपयोग और अन्य सेवाओं पर भी छूट जैसी सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी।

इस संबंध में इच्छुक सेवा प्रदाता, अपना आवेदन पर्यटन निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैंपबेल बे की चिकित्सक टीम ने मकाचुआ में स्वास्थ्य शिविर–सह–आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य जांच, जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना था। चिकित्सा अधिकारी डॉ. जूलियट जेम्स ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और निवारक उपायों को अपनाने के महत्व पर जानकारी दी। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, डॉक्टरी सलाह, दंत चिकित्सा जांच, होम्योपैथिक परामर्श और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। टीबी जांच के दौरान कुल 5 संभावित टीबी मामलों की पहचान कर बलगम के नमूने एकत्र किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस में भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा 7 सितंबर से शुरू होगी। उम्मीदवारों के परीक्षा स्थल, तिथि और रिपोर्टिंग समय की सूची पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। प्रवेश पत्र  पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इस परीक्षा में केवल वही उम्मीदवार भाग ले सकेंगे, जिनके पास 17 मई तक जारी किए गए वैध प्रमाणपत्र या दस्तावेज उपलब्ध होंगे।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

महाबलिपुरम में दक्षिण क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में उप–राज्यपाल द्वारा अंडमान निकोबार क्षेत्र को प्रमुख समुद्री एवं रसद केन्द्र के रूप में उजागर के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने सांसद द्वारा द्वीपसमूह और मुख्यभूमि के बीच हवाई संपर्क में गिरावट और अत्याधिक हवाई किराए पर तत्काल कार्रवाई करने के मांग के समाचार को भी प्रमुखता दी है।

द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रदेश कांग्रेस समिति द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी के 82वें जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया और द इको ऑफ इंडिया ने टुगापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों की कमी के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

<><><><><><><>